पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———

राज्यपाल जी ने माथुर वैश्य महासभा द्वारा आगरा में आयोजित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के सम्मान समारोह को ऑनलाइन सम्बोधित किया

———

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाना सराहनीय कार्य

———

भारत की आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों और बलिदानों का प्रतिफल

———

वैश्य समाज सक्षम समाज है, बेटियों और महिलाओं के उत्थान में सक्रिय सहयोग दे

———

आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत महिलाओं को अपने अभियानों से जोड़े

———

विश्वविद्यालय छात्रों को भी लघु उद्योगों के प्रशिक्षण से जोड़े

———

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन और स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊः 14 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष से जनपद आगरा में माथुर वैश्य महासभा द्वारा आयोजित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के सम्मान समारोह को सम्बोधित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाना एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कल हम अपनी आजादी के 75 वर्षों का समारोह मनाएंगे। भारत की आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्षों और बलिदानों का प्रतिफल है। यह हमारा दायित्व है कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्रेरणा लें, उनके आदर्शों को आत्मसात करें।

इसी क्रम में राज्यपाल ने वैश्य समाज के योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि वैश्य समाज एक सक्षम समाज है। इस समाज को आगे आकर बेटियों और महिलाओं के उत्थान में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा समाज में अभी भी दहेज प्रथा और बाल—विवाह की कुरीतियां व्याप्त हैं। वैश्य समाज को सामाजिक रूढ़ियों से उत्पीड़ित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना

चाहिए। उन्होंने कहा वैश्य सबल और सम्पन्न समाज वर्ग है, इसलिए समाज की वे महिलाएं जो आर्थिक विपन्नता के कारण अपने परिवार को सम्बल देने के लिए स्वयं आत्मनिर्भर होने का प्रयास कर रही हैं, उन्हें सहायता प्रदान करें और अपने विभिन्न अभियानों से जोड़कर उन्हे सक्षम बनाएं।

कार्यक्रम में लघु उद्योगों से जुड़े व्यवसायियों की चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालयों से भी सहयोग ले सकते हैं। वे अपनी उद्योग–जनित आवश्यकताओं पर कुलपतियों से चर्चा करके आवश्यक तकनीकी सहायता के कार्य करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुलपतियों को यह निर्देश है कि वे अपने छात्रों को लघु उद्योगों के प्रशिक्षण कार्यों से जोड़ें, लघु व्यवसायियों की आवश्यकता अनुसार प्रोजेक्ट कार्य करवाएं। राज्यपाल जी ने समारोह में वैश्य समाज को बेटियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगवाने के लिए अधिक से अधिक सहयोग देने हेतु भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा महिलाएं स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगी तो यह समाज भी प्रसन्न रहेगा।

समारोह में राज्यपाल जी ने रक्षा बंधन की बधाई भी दी, साथ ही उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को 15 अगस्त के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस की विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने माथुर वैश्य सामाज के 38 स्वतंत्रता संग्राम सेनायियों से संबंधित **"स्वतंत्रता सेनानी संक्षिप्त परिचय पुस्तिका"** का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने देश के लिए बलिदान होने वालों शहीदों का अपने सम्बोधन में विशेष रूप से स्मरण किया। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा उत्तर प्रदेश में बेटियों, महिलाओं, बच्चों, आंगनवाड़ी मे बाल शिक्षा, प्रदेश में उच्च शिक्षा के स्तर में विकास जैसे मुद्दों पर विशेष कार्यों का उल्लेख करते हुए, इन्हे अभूतपूर्व बताया। समारोह में माथुर वैश्य समाज, आगरा के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने महिलाओं के निरंतर उत्थान में वैश्य समाज के योगदान से राज्याल जी को अवगत कराया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री अंजनी कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट (पंचम) सुमित कुमार, श्री अशोक कुमार गुप्ता, श्री हरिमोहन सिंह कोठिया, श्री दिनेश गुप्ता, श्रीमती दीपिका, श्री

सुनील गुप्ता तथा स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के परिजन व शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

————————

डॉ सीमा गुप्ता/सूचना अधिकारी/राजभवन (55/55)

चन्द्र विजय वर्मा/ सूचना अधिकारी/राजभवन